भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 5725
27 मार्च, 2026 को उत्तर के लिए

आदिलाबाद में रक्षा भूमि

5725. श्री गोडम नागेश:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आदिलाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में ऐसी कोई रक्षा भूमि उपलब्ध है, जिसका उपयोग नागरिक विमानपत्तन के विकास हेतु किया जा सकता है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राज्य सरकार अथवा संबंधित प्राधिकरणों से ऐसी भूमि के उपयोग द्वारा विमानपत्तन विकसित करने के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने नागरिक उड्डयन पहलों के अंतर्गत ऐसी रक्षा भूमि के उपयोग की अनुमति प्रदान करने की व्यवहार्यता की जांच की है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) और (ख) आदिलाबाद जिले के खानपुर और आदिलाबाद गांवों में स्थित 369.45 एकड़ रक्षा भूमि तेलंगाना के आदिलाबाद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आती है। उक्त भूमि वर्तमान में भारतीय वायु सेना के प्रबंधन के अधीन है और वायु सेना की भावी आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु उपयोग के लिए निर्धारित की गई है।

(ग) से (ड.) रक्षा मंत्रालय के एनओसी पोर्टल पर नागर विमानन मंत्रालय या तेलंगाना राज्य सरकार से सिविल हवाई अड्डे के विकास के लिए उक्त रक्षा भूमि के हस्तांतरण की मांग करने के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****